हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ
(तिथि 28 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

लोकसभा में आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पहले बताया था कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की कार्रवाई पर विशेष चर्चा मॉनसून सत्र में होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। श्री रिजिजू ने कहा कि चर्चा के लिए लोकसभा में सोलह घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

*पहले हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे। ये अपॉजिशन पार्टी का ही मांग था। सरकार ने एग्री पहले दिन से ही किया है, तो ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा पूरा करने के बाद अगले विषय क्या लेंगे, उसका हम बाद में तय करेंगे, इसलिए मंडे से लोकसभा में 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और ट्यूजडे को राज्यसभा में फिर 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी।*

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि देश की संप्रभुता पर हमला होने पर भारत कैसे जवाब देगा। श्री मोदी ने कहा कि इस सैन्य अभियान ने पूरे देश में नया आत्मविश्वास भर दिया है। प्रधानमंत्री ने कल तमिलनाडु के गंगाईकोंडा चोलापुरम में चोल राजा राजेन्द्र चोल प्रथम की जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कहीं।

**आज का भारत, अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि रखता है। अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा है कि कोई अगर भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो भारत उसे कैसे जवाब देता है। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया है कि भारत के दुश्मनों के लिए, आतंकवादियों के लिए अब कोई ठिकाना सुरक्षित नहीं है। ये पूरे देश में ऑपरेशन सिंदूर ने एक नई चेतना जगाई है। नया आत्मविश्वास पैदा किया है और दुनिया को भी भारत की शक्ति को स्वीकार करना पड़ रहा है।**

**********************************************************************

हरियाणा राजभवन में कल पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हरियाली तीज मनाई गई। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने प्रदेशवासियों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और सभी के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है, जो लोगों को अपनी परंपराओं से जोड़ता है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक दलों ने लोकनृत्य और गीतों की मनभावन प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, रंग-बिरंगी परंपराएं और लोकजीवन की झलक देखने को मिली। कलाकारों की इन उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर राज्यपाल महोदय ने कला एवं संस्कृति विभाग तथा प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को प्रोत्साहन स्वरूप 4 लाख रुपये देने की घोषणा की।

**********************************************************************

चंडीगढ़ उद्योग एवं पर्यटन विकास निगम सिटको "बजट श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ होटल" का प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है। 26 जुलाई को नई दिल्ली स्थित होटल ले मेरिडियन में आयोजित 10वें बी2बी इंटरनेशनल टूरिज्म एक्सपो, कॉन्क्लेव एवं ट्रैवल अवाड्र्स में सिटको को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली अतिथि सत्कार सेवाएं प्रदान करने और उत्कृष्ट अतिथि संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए दिया जाता है।

*********************************************************************

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने अगले तीन दिन में घर घर से कचरा एकत्रित करने वाली गाडिय़ों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने कल गुरुग्राम शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इसके लिए हरियाणा सिविल सेवा के सभी अधिकारी अपने-अपने स्तर पर 10-10 गाडिय़ों की व्यवस्था करें।इस कार्य में नगर निगम के पार्षदों का भी सहयोग लिया जाए। श्री गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि नगर निगम अपने स्तर पर इन गाडिय़ों में जीपीएस लगाए। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य सडक़, सेक्टर को बांटने वाली सड़क पूरी तरह से साफ-सुथरे होने चाहिए तथा वहां पर खड़ी कचरे की ट्रॉलियां भी हटाई जाएं।उन्होंने कहा कि सभी कचरा इक्कठा करने वाली माध्यमिक जगहों से नियमित कचरा उठाया जाए।

उन्होंने बैठक में शामिल विधायक मुकेश शर्मा से मांग की कि वे भी कचरा प्रबंधन को लेकर शहर के लोगों को जागरूक करने के लिए सहयोग करें । श्री विकास गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार गुरुग्राम शहर को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्वच्छता को लेकर अपने अनुभव बैठक में सांझा करते हुए बताया कि शहर में किस घर का कूड़ा, किस व्यक्ति द्वारा उठाया और कहां पर जा रहा है, इसकी जानकारी सभी के पास होनी चाहिए। इसके लिए शहर की उचित मैपिंग की जाए। इसके साथ ही कचरा प्रबंधन योजना अगले तीन दिन में तैयार करने की हिदायत भी दी।